**भारत सरकार**
**विदेश मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 834**
**दिनांक 26.07.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**पासपोर्ट सेवा केंद्र**

834. **श्री दीपक अधिकारी (देव):**
**डॉ. टी. सुमति उर्फ तामिझाची थंगापंडियनः**
**श्री बृजमोहन अग्रवालः**
**श्री निलेश ज्ञानदेव लंकेः**
**श्री संजय दीना पाटिलः**
**श्री सुनील कुमारः**
**श्री डी. एम. कथीर आनंदः**
**श्री राजकुमार रोतः**
**श्री नागेश बापुराव अष्टिकर पाटिलः**
**श्रीमती सुप्रिया सुलेः**
**प्रोफ. वर्षा एकनाथ गायकवाडः**
**श्री धैर्यशील राजसिंह मोहिते–पाटीलः**
**श्री भास्कर मुरलीधर भगरेः**
**डॉ. अमोल रामसिंग कोल्हेः**
**श्री बजरंग मनोहर सोनवणेः**
**श्री सचिदानन्दम आरः**

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आज की तिथि के अनुसार देश में महाराष्ट्र, बिहार, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और तमिलनाडु सहित राज्य–वार कुल कितने पासपोर्ट जारी किए गए हैं और कितने आवेदन लंबित है तथा सरकार द्वारा लंबित मामलों को निपटाने के लिए क्या सुधारात्मक उपाय किए गए हैं;

(ख) देश में वर्तमान में कार्यरत पासपोर्ट सेवा केन्द्रों की उक्त राज्यों सहित राज्य–वार संख्या कितनी है,

(ग) क्या सरकार का देश में नए पासपोर्ट सेवा केन्द्र स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो उक्त राज्यों सहित तत्संबंधी राज्य–वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का पूरे देश के महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों में उच्च शिक्षा के लिए नामांकित होने वाले सभी छात्रों को पासपोर्ट जारी करने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो इसने क्या कारण हैं;

(ङ) क्या सरकार ने नागरिकों के लिए अंतर्निहित चिप, भविष्य की प्रौद्योगिकी और उन्नत सुरक्षा विशेषताओं वाले ई–पासपोर्ट शुरू करने के लिए कोई कदम उठाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) क्या सरकार ने इस बात पर ध्यान दिया है कि विदेश यात्रा करने वाले भारतीय पासपोर्ट धारकों को अपने पासपोर्ट की स्कैनिंग संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**
**विदेश राज्य मंत्री**
**(श्री कीर्ति वर्धन सिंह)**

(क) भारत में जारी किए गए पासपोर्ट की कुल संख्या 1,11,15,399 (2019), 54,12,614 (2020), 73,63,491 (2021), 1,17,41,203 (2022), 1,37,54,422 (2023) और 66,05,906 (जनवरी–जून 2024) है और आज की तारीख तक महाराष्ट्र, बिहार, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और तमिलनाडु सहित देश के विभिन्न राज्यों में 86,430 आवेदनों पर कार्रवाई की जा रही है। मंत्रालय देश भर में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालयों द्वारा विशेष अभियान चलाकर, क्रॉस ग्रांटिंग ऑफिसर्स (सीजीओ) की मैपिंग और डिटेलिंग करके पूरे देश में प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए लगातार काम कर रहा है। इसके अलावा, कार्य की आवश्यकता के आधार पर, केंद्रीय पासपोर्ट संगठन (सीपीओ) के अधिकारियों/कर्मचारियों को संबंधित पासपोर्ट कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने के लिए अस्थायी ड्यूटी पर विभिन्न पासपोर्ट कार्यालयों में तैनात किया जाता है।

(ख) वर्तमान में देश में 533 पासपोर्ट सेवा केंद्र कार्यरत हैं, जिनमें 37 क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालयों (आरपीओ) के अंतर्गत 93 पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीएसके) और 440 डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीओपीएसके) शामिल हैं।

(ग) मंत्रालय ने डाक विभाग (डीओपी) के साथ मिलकर जनवरी 2017 में निर्णय लिया था कि देश के प्रत्येक लोकसभा चुनाव क्षेत्र (एलएससी), जहां कोई पीएसके या पीओपीएसके नहीं है, में डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीओपीएसके) के नाम से मुख्य डाकघरों (एचपीओ)/डाकघरों (पीओ) में सेवा केंद्र खोले जाएंगे। नए पासपोर्ट कार्यालय/केंद्र का खोला जाना आवेदनों की संख्या सहित कई कारकों पर निर्भर करता है।

(घ) "तत्काल" योजना के तहत तेजी से पासपोर्ट जारी करने का प्रावधान है, जिसके माध्यम से छात्रों को भी शीघ्र पासपोर्ट जारी किए जाते हैं। उचित दस्तावेजों के साथ पासपोर्ट के लिए आवेदन करने वाले सभी छात्रों को नियमों के अनुसार पासपोर्ट जारी किए जाएंगे।

(ङ) सरकार ने एम्बेडेड चिप के साथ ई–पासपोर्ट शुरू करने के लिए कदम उठाए हैं। वर्तमान में, भुवनेश्वर और नागपुर स्थित क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालयों में ई–पासपोर्ट की परियोजना का परीक्षण चल रहा है। इसके सफलतापूर्वक आरंभ होने और अपेक्षित प्रमाणीकरण के बाद, इसे चरणबद्ध तरीके से पूरे भारत में शेष क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालयों में शुरू किया जाएगा। ई–पासपोर्ट एक संयुक्त कागज और इलेक्ट्रॉनिक पासपोर्ट है, जिसमें एक एम्बेडेड रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (आरएफआईडी) चिप और इनले के रूप में एम्बेडेड एंटीना है। पासपोर्ट की महत्वपूर्ण जानकारी इसके डेटा पेज पर प्रिंट की जाएगी और साथ ही चिप में संग्रहीत की जाएगी, जिससे इसमें जालसाजी करने की संभावनाएं कम हो जाएगी। दस्तावेज़ और चिप की विशेषताएं अंतर्राष्ट्रीय नागर विमानन संगठन (आईसीएओ) दस्तावेज़ 9303 के अनुसार हैं।

(च) सरकार को ऐसे किसी मामले की जानकारी नहीं मिली है जिसमें विदेश यात्रा करने वाले भारतीय यात्रियों के समक्ष उनके पासपोर्ट की स्कैनिंग संबंधी कोई समस्या आई हो।

*****

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | **अनुबंध I** |
| **पीएसके/पीओपीएसके की संख्या – सभी लोक सभा चुनाव क्षेत्रों – 42 लोक सभा चुनाव क्षेत्रों की सूची** | | | | |
| **क्र. सं.** | **राज्य** | **पीओपीएसके का स्थान** | **पासपोर्ट कार्यालय** | **लोक सभा चुनाव क्षेत्र** |
| 1. | आंध्र प्रदेश (1) | अराकू (वैकल्पिक स्थान – पार्वतीपुरम) | विशाखापत्तनम | अराकू |
| 2. | बिहार (03) | राजनगर | पटना | झांझरपुर |
| 3. | | राम नगर | पटना | वाल्मीकि नगर |
| 4. | | बखेरा | पटना | वैशाली |
| 5. | छत्तीसगढ़ (3) | जगदलपुर | रायपुर | बस्तर |
| 6. | | कंकेर | रायपुर | कंकेर |
| 7. | | महासमुंद | रायपुर | महासमुंद |
| 8. | केरल (2) | तवनूर | कोझिकोड | पोन्नानी |
| 9. | | कलपेट्टा | कोझिकोड | वायनाड़ |
| 10. | मध्य प्रदेश (6) | सीधी | भोपाल | सीधी |
| 11. | | भिंड | भोपाल | भिंड |
| 12. | | खरगोन | भोपाल | खरगोन (बडवानी) |
| 13. | | मंडला (डिंडोरी) | भोपाल | मंडला (डिंडोरी) |
| 14. | | मुरैना | भोपाल | मुरैना |
| 15. | | राजगढ़ | भोपाल | राजगढ़ |
| 16. | महाराष्ट्र (1) | डिंडोरी | मुंबई | डिंडोरी |
| 17. | पंजाब (1) | खदूर साहिब | अमृतसर | तरन तारन |
| 18. | तमिलनाडु (2) | तिरुप्पुर | कोयम्बटूर | तिरुप्पुर |
| 19. | | पोल्लाची | कोयम्बटूर | पोल्लाची |
| 20. | उत्तर प्रदेश (23) | मंझनपुर | लखनऊ | कौशांबी |
| 21. | | बाराबंकी | लखनऊ | बाराबंकी |
| 22. | | बस्ती | लखनऊ | बस्ती |
| 23. | | चुर्क | लखनऊ | रॉबर्ट्सगंज |
| 24. | | कुशी नगर | लखनऊ | कुशी नगर |
| 25. | | अकबरपुर | लखनऊ | अकबरपुर |
| 26. | | अनोला | बरेली | अनोला |
| 27. | | बांसगाँव | लखनऊ | बांसगाँव |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 28. | | चंदौली | लखनऊ | चंदौली |
| 29. | | धौरहा | लखनऊ | धौरहा |
| 30. | | एटा | बरेली | एटा |
| 31. | | फिरोजाबाद | बरेली | फिरोजाबाद |
| 32. | | कैराना | गाजियाबाद | कैराना |
| 33. | | कैसरगंज | लखनऊ | कैसरगंज |
| 34. | | कन्नौज | लखनऊ | कन्नौज |
| 35. | | लालगंज | लखनऊ | लालगंज |
| 36. | | मछलीशहर | लखनऊ | मछलीशहर |
| 37. | | मैनपुरी | बरेली | मैनपुरी |
| 38. | | मलीहाबाद | लखनऊ | मोहनलालगंज |
| 39. | | फूलपुर | लखनऊ | फूलपुर |
| 40. | | सलेमपुर | लखनऊ | सलेमपुर |
| 41. | | संभल | बरेली | संभल |
| 42. | | संत कबीर नगर | लखनऊ | संत कबीर नगर |

*****